## खबर कोना

### ममता बनर्जी ने दी भारतीय महिला टीम को बधाई

कोलकाता, 5 अगस्त (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में देश का पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला कंपाउंड टीम को शनिवार को बधाई दी। भारतीय महिला कंपाउंड टीम की सदस्य ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर ने शुक्रवार को बर्लिन में विश्व चैम्पियनशिप फाइनल में मेक्सिको को हराकर यह इतिहास रचा। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण, बर्लिन में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक हासिल करने पर ज्योति सुरेखा, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी को मेरी हार्दिक बधाई।

### कोलकाता घूमने आए दो छात्र डूबे

कोलकाता, 5 अगस्त (जनसत्ता)।

आसनसोल से कोलकाता घूमने के आए दो कालेज छात्र शनिवार को चांदमारी घाट पर डूब गए। यह घटना शनिवार सुबह 11 बजे हावड़ा स्टेशन के विपरीत दिशा में चांदमारी घाट पर हुई। वहीं शाम होने तक छात्रों के बारे में कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि डूबने वाले छात्रों के नाम इंद्रजीत महतो (21) और सौमेन घर (20) है। दोनों आसनसोल के रहने वाले हैं। इंद्नजीत मैनेजमेंट के छात्र हैं और आसनसोल के महीशिला में रहता है। जबकि सौमेन स्नातक का दूसरे वर्ष का छात्र है और आसनसोल के चेलीभांगा इलाके में रहता है। स्नान के दौरान गंगा नदी में भाटा के पानी ने उन्हें भीतर खींच लिया। उनका तीसरा साथी भी पानी में उतरा था, लेकिन उसने स्नान ही नहीं किया।

# अबकी बार 'इंडिया सरकार', ममता की तस्वीर के साथ लगे नए पोस्टर

कोलकाता, 5 अगस्त (जनसत्ता)।




बंगाल में लगे ऐसे पोस्टरों को हिंदी भाषा में लिखा गया है।

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की घोषणा के एलान के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में इसका असर दिखने लगा है। राजधानी कोलकाता में गठबंधन 'इंडिया' को लेकर नए पोस्टर लगे हैं। जगह-जगह पर लगे इन पोस्टर में दिल्ली की ओर इशारा करते हुए ममता बनर्जी की तस्वीर के साथ लिखा गया है कि 'अब बार दिल्ली में इंडिया सरकार' खास बात ये है कि बंगाल में लगे इन पोस्टर को हिंदी भाषा में लिखा गया है।

2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए का विजय रथ रोकने के लिए 26 विपक्षी दल एक साथ आए हैं। 18 जुलाई को इन दलों की एक बैठक बंगलुरु में हुई थी, जहां सभी ने इंडियन नेशनल डेवलवमेंटल इनक्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम से एनडीए विरोधी मोर्चा बनाने की घोषणा की थी।

ये पोस्टर ऐसे समय में लगाए गए हैं, जब इसी महीने के आखिर में 'इंडिया' की तीसरी बैठक होने वाली है। 'इंडिया' गठबंधन की ये बैठक 31 अगस्त को मुंबई में होनी है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक भी बंगलुरु की तरह ही होगी।

# पुलिस हिरासत में मजदूर की मौत

कोलकाता, 5 अगस्त (जनसत्ता)।

मुर्शिदाबाद जिले के एक गांव में चोरी का आरोपी एक दिहाड़ी मजदूर की कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मौत हो गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

अधिकारियों के मुताबिक आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि मजदूर को एक पुलिसकर्मी के घर में चोरी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

वहीं हिरासत में मारे गए मजदूर के पिता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे को शुक्रवार शाम पीट-पीटकर मार डाला गया। पुलिस ने इस आरोप का खंडन किया है। वहीं उसके पिता ने दावा किया कि मेरा बेटा निर्दोष है। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया था और फिर उसकी हत्या कर दी।

नाबाग्राम पुलिस थाने के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी को न तो पीटा गया था और न ही उसे बंदी-गृह में रखा गया था। अधिकारी ने कहा कि पुलिस थाने के पीछे एक स्थान पर उससे पूछताछ की जा रही थी, जहां हमने उसे शुक्रवार रात आठ बजे मृत पाया।

### हुगली ब्रिज पर सड़क दुर्घटना, युवती की मौत

कोलकाता, 5 अगस्त (जनसत्ता)।

हुगली ब्रिज पर सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे दुर्घटना हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, युवती का नाम सुनंदा दास (26) है।

वह हावड़ा के नेताजी सुभाष रोड इलाके की रहने वाली थी। वह धर्मतला के एक होटल में काम करती थी। अन्य दिनों की तरह काम खत्म कर शुक्रवार की रात घर लौट रही थी। तभी पीछे से लारी ने उसे टक्कर मार दी।

### जहरीली गैस से दम घुटने के कारण दो मजदूर मरे

कोलकाता, 5 अगस्त (जनसत्ता)।

हुगली जिले में शनिवार को एक सेप्टिक टैंक में घुसने से दो मजदूरों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान गणेश मन्ना और सुब्रत दास के रूप में हुई है, दोनों की उम्र 40 साल के करीब है। पुलिस ने बताया कि दोनों मजदूर सिंगूर के रतनपुर गांव में एक घर में सेप्टिक टैंक के अंदर एक निर्माण तख्त को हटाने आए थे।

**रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी**

विज्ञापन संख्या RLBCAU/08/2023 दिनांक : 04.08.2023

**रिक्त पदों हेतु संक्षिप्त अधिसूचना**

विज्ञापन संख्या **RLBCAU/08/2023** के माध्यम से निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| स्तर* | पद | विषय | अना. | अ.पि.व. | अनु.जा. | ई.डब्लू.एस. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | लेखा नियंत्रक | प्रतिनियुक्ति पर | 01 | - | - | - |
| | अधिष्ठाता उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय | | 01 | - | - | - |
| | प्राध्यापक | औद्यानिकी | 01 | - | - | - |
| 13 A | सह-प्राध्यापक | आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन | 01 | - | - | - |
| | | कीट विज्ञान | - | - | 01 | - |
| | | वन उत्पाद और उपयोगिता | - | 01 | - | - |
| | | फल विज्ञान | 01 | - | - | - |
| | | मृदा विज्ञान | - | - | - | 01 |

*7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के अनुसार स्तर;
अधिक जानकारी के लिए जैसे आवश्यक योग्यता, आरक्षण की श्रेणी, वेतनमान, आवेदन शुल्क, आवेदन पत्र और अन्य निर्देश, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rlbcau.ac.in पर देखें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर, 2023 होगी।

**कुलसचिव**



इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 254-260,अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै – 600014

**संविदा आधार पर नकदी प्रबंधन सेवाएँ संविभाग में विशेषज्ञ अधिकारियों की नियुक्ति**

| पद कोड | पदनाम | रिक्ति |
|---|---|---|
| 1 | उत्पाद प्रबंधक – नकदी और चेक प्राप्ति/ भुगतान/ बी2बी भुगतान | 1 |
| 2 | उत्पाद प्रबंधक यूपीआई और अधिदेश प्रबंधन | 1 |
| 3 | उत्पाद प्रबंधक– एपीआई बैंकिंग | 1 |
| 4 | उत्पाद प्रबंधक– इंटरनेट भुगतान गेटवे और एग्रीगेटर रिलेशनशिप | 1 |
| 5 | टीम संचालक– लेनदेन बैंकिंग विक्रय | 9 |
| 6 | सनदी लेखाकार | 6 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आवेदनपत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया | बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in के करियर पेज में अपलोड किए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार ऑफलाइन आवेदनपत्र | | |
| आयु (यथास्थिति 01/07/2023 को) | | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु |
| | उत्पाद प्रबंधक (पद कोड 1 से 4) / टीम संचालक (पद कोड 5) | 25 वर्ष | 40 वर्ष |
| | सनदी लेखाकार (पद कोड 6) | 25 वर्ष | 35 वर्ष |
| आवेदनपत्र शुल्क | ₹ 1000/- (कर सहित) | | |
| आवेदनपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि | 19.08.2023 | | |
| पात्रता मानदंड और अनुभव | पूर्ण विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in के करियर पेज देखें | | |

**स्थान: चेन्नै** **तिथि: 06/08/2023** **मुख्य महाप्रबंधक (एसडीओ/सीएलओ)**

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव | बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | G20



**ACE**
**सिद्धि • सहयोग • समृद्धि**

(₹ लाख में)

**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन / समेकित वित्तीय परिणाम**

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 | 30.06.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2987807 | 2011952 | 9961438 | 3331813 | 2157676 | 11077798 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/ (हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/ या असाधारण मदें) | 587754 | 284272 | 1972664 | 621749 | 287149 | 2056454 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) | 587754 | 284272 | 1972664 | 621749 | 287149 | 2056454 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) (नोट 2 का संदर्भ लें) | 407007 | 216813 | 1410962 | 445210 | 194390 | 1490520 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | नोट 3 का संदर्भ लें | | | | | |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | 9132662 | | | 9813076 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3143095 | 3143095 | 3143095 |
| 9 | निवल मालियत | 8128296 | 6364040 | 7695107 | 8685124 | 6805039 | 8218643 |
| 10 | प्रदत्त कर्ज पूंजी/बकाया कर्ज** | 2311150 | 2198751 | 2311150 | 2347194 | 2248795 | 2347194 |
| 11 | बकाया प्रतिदेय अधिमानी शेयर | लागू नहीं | | | | | |
| 12 | कर्ज इक्विटी अनुपात * | 0.37 | 0.48 | 0.43 | 0.42 | 0.52 | 0.47 |
| 13 | प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 2/- का) (चालू और बंद परिचालनों के लिए) - (वार्षिकीकृत नहीं है)<br>मूल (₹ में)<br>डाइल्यूटेड (₹ में) | 7.87 | 4.19 | 27.28 | 8.61 | 3.76 | 28.82 |
| 14 | पूंजीगत मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | |
| 15 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | |

* कर्ज एक वर्ष से अधिक की अवशिष्ट परिपक्वता वाली उधार राशि को दर्शाता है. ** प्रदत्त कर्ज पूंजी/ बकाया कर्ज बैंक द्वारा जारी किए गए टियर-I एवं टियर-II बॉन्ड को दर्शाता है.

**नोट:**

1) उपर्युक्त आंकड़े सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं. तिमाही के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर उपलब्ध है.
2) संबंधित अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) में सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा शामिल है एवं इसमें माइनॉरिटी ब्याज शामिल नहीं है.
3) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, क्योंकि आईएनडी-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 05.08.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| ललित त्यागी | जयदीप दत्ता राय | अजय के. खुराना | देबदत्त चांद |
| कार्यपालक निदेशक | कार्यपालक निदेशक | कार्यपालक निदेशक | प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी |

**पंजीकृत कार्यालय:** बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390 006 | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

www.readwhere.com